दिनांकः 11.07.2025
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे–जयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर में भी रोजगार मेले लगेंगे।
- केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए जल्द ही ए.आई पर फ्री ऑनलाइन कोर्स शुरू किया जाएगा।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने स्पष्ट किया –आरजीएचएस को बंद नहीं किया जाएगा।
- मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वी हिस्सो में अगले दो सप्ताह–वहीं पश्चिमी भागों में एक सप्ताह औसत से ज्यादा बारिश की संभावना जताई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 16वें रोजगार मेले में सुबह 11 बजे से विभिन्न मंत्रालयों और विभागों तथा संगठनों के नवनियुक्त युवाओं को ये नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उन्हें सम्बोधित भी करेंगें। देशभर के 47 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले सरकार की रोजगार सृजित करने की प्रतिबद्धता की दिशा में अहम पहल है। देशभर में हुए रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

प्रदेश में ये रोजगार मेला अजमेर, बीकानेर, जयपुर और जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे के 585 सहित अन्य विभागों के कुल 742 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेगें। इनमें डाक विभाग, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, वित्त और पुलिस विभाग शामिल हैं।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव कल जयपुर में होने वाले रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्रदान करेगें। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि मेले का आयोजन कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में किया जाएगा।

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस आज के समय की जरूरत है और हर क्षेत्र में इसका उपयोग होना चाहिए। श्री चौधरी ने आज जयपुर में कृषि–कौशल सशक्तिकरण कार्यक्रम में भाग लिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि मंत्रालय इसी महीने स्कूली विद्यार्थियों के लिए ए. आई का फ्री ऑनलाइन कोर्स शुरू करने जा रहा है।

केन्द्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष श्री चौधरी ने जयपुर में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में संगठन के विस्तार की तैयारी की जा रही है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज्य के किसानों के लिए बांस उत्पादन की संभावनाओं पर प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री बागडे आज **राजभवन में ग्रामीण आजीविका सृजन में बांस की भूमिका** विषय पर आयोजित

बैठक में बोल रहे थे। श्री बागडे ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में कम पानी वाले क्षेत्रों में बांस की खेती को बढावा देने पर विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों को आर्थिक लाभ भी होगा। राज्यपाल ने इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता जताई।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव** पर गठित संयुक्त संसदीय समिति की आज बैठक हुई। 39 सदस्यों वाली इस समिति में 27 सदस्य लोकसभा और 12 सदस्य राज्यसभा के हैं। समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी ने बताया कि समिति रिपोर्ट को लेकर कानून विशेषज्ञों के साथ सलाह मशविरा कर रही है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का कल कोटा दौरे का कार्यक्रम है। श्री धनखड़ आईआईटी कोटा के चौथे दीक्षांत समारोह में शिरकत करेगें। समारोह समन्वयक प्रोफेसर के.के. शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बीटेक और एमटेक की उपधियां प्रदान की जायेगी।

विश्व जनसंख्या दिवस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने जनसंख्या नियंत्रण पर जोर दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने लिखा कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य में अच्छे परिणामों के लिए माता—पिता को बच्चों के पालन पोषण की सही योजना तैयार करनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से, केंद्र सरकार पूरे देश में आवश्यक परिवार नियोजन सेवाएँ दे रही है। विश्व जनसंख्या दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया गया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने भी इसमें शिरकत की। इस दौरान परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कार्मिकों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। पत्रकारों से बातचीत में श्री खींवसर ने स्पष्ट किया कि आरजीएचएस को बंद नहीं किया जाएगा बल्कि विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के बाद सरकार इसे नये पारदर्शी तरीके से लागू करेगी।

प्रदेश में **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना** से अब तक 43 लाख से अधिक रोगियों को पांच हजार करोड़ रूपये से ज्यादा का निःशुल्क उपचार मिला है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही इस योजना में सामान्य बीमारी से लेकर रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से ईलाज किया जाता है। इसमें एलोपैथी से लेकर आयुष पद्धति के उपचार पैकेज शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर इस योजना का दायरा बढाते हुए गंभीर बीमारियों के रोगियों, दिव्यागों, बुजुर्गों के ईलाज और किशोरों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए नये पैकेज जोड़े गये हैं। योजना के जरिये प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुगम बनाई गई है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा—बूंदी के प्रवास पर हैं। उन्होंने आज बूंदी के खेल संकुल परिसर में पौध रोपण किया। **एक पेड़ मां के नाम अभियान** के तहत हुए इस वन महोत्सव में कई सामाजिक संस्थाओं, संगठनों और विद्यार्थियों ने भी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि ये अभियान पर्यावरण के लिए हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसके साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा। इस मौके पर श्री बिरला ने जल संरक्षण से जुड़े कार्यों का भी लोकार्पण किया।

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन क्षेत्र के लिये सामुदायिक जिम्मेदारी आधारित मॉडल पर जोर दिया है। पर्यटन मंत्री आज जयपुर में इण्डियन रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म स्टेट अवार्ड समारोह में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विरासत का सम्मान करते हुए समुदाय और संस्कृति के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान मात्र पर्यटन स्थल नहीं है बल्कि जीवंत संस्कृति का स्वरूप है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से **नटराज महोत्सव** की शुरूआत हो रही है। 17 जुलाई तक होने वाले इस फेस्टीवल में निर्देशक योगेन्द्र सिंह परमार के क्यूरेशन में 6 नाटकों का मंचन होगा। जे.के.के की अतिरिक्त महानिदेशक अल्का मीणा ने बताया कि महोत्सव का शुभारम्भ संगीतमय नाट्य प्रस्तुति **''और करो थिएटर''** के साथ होगा।

सावन का महीना आज से शुरू हो गया है। इस पवित्र महीने के पहले दिन आज शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालू दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। **बिल्व पत्र अर्पित कर मन्दिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है तथा हर हर महादेव** के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रावण मास की शुरूआत के साथ ही कांवड़ यात्राएं भी आज से शुरू हो गई है।

मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले दो सप्ताह तक वहीं पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर भागों में अगले एक सप्ताह बारिश का दौर जारी रहने के साथ ही औसत से अधिक बरसात की संभावना जताई है। आज अजमेर में सुबह से ही काली घटाएं छा गई और दोपहर में मूसलाधार बारिश हुई। राजसमंद अलवर और पाली में भी कुछ देर तेज बरसात हुई। उधर जैसलमेर में दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही, पिछले एक सप्ताह से लोग यहां बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस बीच प्रदेश में बीते चौबीस घंटों में कहीं–कहीं हल्की और कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बरसात जयपुर के चाकसू में हुई। वहीं धौलपुर के बाड़ी–बसेड़ी में भी जमकर पानी बरसा। झुन्झुनू, दौसा, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, टोंक, अलवर, चूरू, नागौर से भी अच्छी बारिश के समाचार हैं।

पाली में आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई। हादसा गुढा–ऐन्दला रोड़ पर एक बेकाबू कार के मोटरसाईकिल को टक्कर मारने से हुआ। हादसे में मोटरसाईकिल पर जा रहे दम्पत्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

हनुमानगढ जिले का स्थापना दिवस कल है। इस उपलक्ष में आज से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस दौरान विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। वहीं कार्यालयों में पौधरोपण कार्यक्रम भी रखे गये। स्थापना दिवस के अवसर पर कल **रन फॉर हनुमानगढ़** आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रक्तदान शिविर, प्रदर्शनी, शैक्षणिक भ्रमण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे जायेगें।